अहमदनगर में रेडियो टेलीफोन केन्द्र

2640. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में कार्यरत रेडियो टेलोफोन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक टेलोफोन केन्द्र में कार्यरत टेलीफोनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि किसी न किसी कारण से अनेक टेलीफोन केदर बंद पड़े हैं;

(ग) यदि हां, तो सरकार इन केन्द्रों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है;

(घ) क्या इन रेडियो टेलीफोन केन्द्रों की निकटतम एस०टी०डी० टेलीफोन से जोड़ा जा सकता है ताकि इन केन्द्रों के माध्यम से देश के किसी भी भाग में सम्पर्क स्थापित किया जा सके;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) अहमदनगर जिले में तीन टेलीफोन एक्सचेंज हैं जो यू०एच० एफ० लिंकों से जुड़े हुए हैं, और चालू कनेक्शनों सहित इन लिंकों के ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी हां।

(ङ) एस०टी०डी० सुविधा यू०एच०एफ० माध्यम से सभी तीनों एक्सचेंजों में उपलब्ध है जिसका उल्लेख विवरण में किया गया है। **(नीचे देखिए)**

(च) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

अहमदनगर में रेडियो टेलीफोन एक्सचेंजों के ब्यौरे

क्रम सं०	एक्सचेंज का नाम	काम कर रहे कनेक्शन	यूएचएफ लिंक	
1.	प्रवारानगर	479	प्रवारानगर	— श्रीरामपुर
2.	श्रीरामपुर	1454	श्रीरामपुर	— कोपरगांव
3.	कोपरगांव	1160	श्रीरामपुर	— कोपरगांव

Utilization of OPTIC Fibre Network in Andhra Pradesh

2641. SHRI K.M. KHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government propose to use optic fibre network of Railways and Communications network of various Electricity Boards of Country for providing telecommunication facilities in rural areas of Andhra Pradesh during 1994 and 1995;

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor;

(c) whether work on project as in (a) will be on indigenous basis;

(d) if so, the details thereof with names of sources and if not, the reasons therefor;

(e) whether Government propose to involve foreign expertise in the project; and

(f) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir. Proposal has been received from Andhra Pradesh State Electricity Board only, which is under examination. No proposal has been received from Railways for Andhra Pradesh.